देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

डीएवीवी का AI चैटबॉट - महामारी की स्थिति के दौरान संपर्क रहित प्रवेश की दिशा में एक पहल

कोविड महामारी की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए, प्रौद्योगिकी के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा की आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में रिमोट शिक्षा की क्षमताओं को अपनाने में विश्वविद्यालय अधिक लचीले हो गए हैं। इसी प्रकार से डीएवीवी उन छात्रों के लिए संवादात्मक AI की शुरुआत कर रहा है जो विश्वविद्यालय के बारे में जानने के इच्छुक हैं और विश्वविद्यालय में एडमिशन लेना चाहते हैं। इस चैटबॉट का उद्देश्य एडमिशन के लिए ऑनलाइन वातावरण प्रदान करना और शिक्षकों, स्टाफ़ एवं छात्रों को कोरोना महामारी से बचाने के लिए संस्था को मजबूत बनाना है। यह पहल आईपीएस के एलुमिनी और वर्ष 2000 के IC-94 बैच के छात्र रोहित बंसल द्वारा प्रोफेसर बी. के. त्रिपाठी और प्रोफेसर सुरेश पाटीदार के निर्देशन में की गई। यह संवादात्मक AI टेक्नोलॉजी pihu.ai के द्वारा संचालित है और विशेष रूप से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के लिए बनाया गया है। 'DEVI' की औपचारिक शुरुआत आज की गई| यह एडमिशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देता है और इसमें मदद करता है| देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा ऑफर किए गए प्रत्येक प्रोग्राम की जानकारी भी देता है| यह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों के बारे में, रिजल्ट, नोटिफिकेशन और अन्य कई तरह की सूचनाएं देता है| इस अधिकृत चैटबॉट को कोई भी https://www.dauniv.ac.in/ लिंक के द्वारा आसानी से उपयोग कर सकता है| आज विभागाध्यक्षों की बैठक में कुलपति एवं कुलसचिव जी एवं समस्त विभागाध्यक्षों के समक्ष इसका प्रदर्शन किया गया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी